आकाशवाणी भोपाल

प्रादेशिक समाचार

दिनांक 01.10.2024 समय: 7.10 PM

मुख्य समाचार...

- कृषि और किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने किसानों की समस्याओं का समाधान करने की सरकार की वचनबद्धता दोहराई।
- स्वच्छता ही सेवा पखवाड़े का समापन कल, स्वच्छता संबंधी 685 करोड़ रूपये की विकास परियोजनाओं का होगा लोकार्पण और शिलान्यास ।
- महात्मा गांधी की जयंती के अवसर पर प्रदेश में कल से शुरू होगा मद्य निषेध सप्ताह ।
- भारत ने बांग्लादेश को 7 विकेट से हराकर श्रृंखला 2-0 से जीती ।

शिवराज-किसान संगठन

कृषि और किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने आज किसानों की समस्याओं का समाधान करने की सरकार की वचनबद्धता दोहराई। नई दिल्ली में किसान संगठनों और किसानों के साथ हुई दूसरी बैठक के बाद मीडिया को संबोधित करते हुए श्री चौहान ने कहा कि इस बैठक के दौरान उर्वरक के अधिक उपयोग सहित बीज और कीटनाशकों की उपलब्धता को लेकर विभिन्न समस्याओं पर चर्चा हुई।

आकाशवाणी से बातचीत में किसान संगठन - किसान उन्नयन स्वतंत्रता के संघ रक्षक के सदस्य आचार्य रामगोपाल दीक्षित ने कहा कि सरकार के साथ बातचीत उपयोगी रही है। श्री चौहान ने आश्वस्त किया कि उनकी सभी समस्याओं का जल्द समाधान होगा।

स्वच्छता पखवाड़ा समापन

स्वच्छता ही सेवा पखवाड़े का समापन कल गांधी जयंती पर होगा, जिसमें स्वच्छता संबंधी 685 करोड़ रूपये की विकास परियोजनाओं का लोकार्पण-शिलान्यास किया जायेगा। पखवाड़े की शुरुआत 17 सितम्बर से हुई थी ।

इस वर्ष "स्वभाव स्वच्छता-संस्कार स्वच्छता" थीम पर स्वच्छता अभियान में प्रदेश के 413 नगरीय निकायों में करीब 42 हजार 500 से अधिक गतिविधियाँ आयोजित की गईं। प्रदेश में 8 हजार स्वास्थ्य शिविरों में 2 लाख 8 हजार सफाई मित्रों और उनके परिजनों की स्वास्थ्य जाँच की गई। प्रदेश में 968 ब्लैक स्पॉट चिन्हित कर उनके सुधार और सौंदर्यीकरण का कार्य किया गया।

स्कूल शिक्षा विभाग और नगरीय प्रशासन विभाग ने मिलकर 2 लाख से अधिक छात्र-छात्राओं से संवाद कर उन्हें स्वच्छता के महत्व के बारे में जानकारी दी गई।

अन्तर राष्ट्रीय वृद्धजन दिवस

अन्तर राष्ट्रीय वृद्धजन दिवस के अवसर पर गरिमा के साथ वृद्धावस्था राज्य स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन सामाजिक न्याय विभाग, हेल्पेज इंडिया, सीनियर सिटीजन फोरम और शासकीय होम्योपेथिक चिकित्सा महाविद्यालय द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित किया गया।

वृद्धजन दिवस का आयोजन भोपाल सहित सभी जिला मुख्यालय पर किया गया है। इस दौरान शतायु बुजुर्गों का सम्मान और नि:शुल्क चिकित्सा शिविरों का आयोजन भी किया गया है।

प्रदेश के 5 जिलों ग्वालियर, टीकमगढ़, उज्जैन, छिंदवाड़ा तथा जबलपुर में जरूरतमंद वृद्धजनों को सहायक उपकरण वितरित किए गये है।

रायसेन स्थित जिला दिव्यांग पुर्नवास केन्द्र परिसर में कार्यक्रम का शुभारंभ सांची विधायक डॉ प्रभुराम चौधरी द्वारा दीप प्रज्जवलन कर किया गया। गुना में जिला स्तर पर सेवा भारती मातृछाया आनन्दधाम वृद्धाश्रम में कार्यक्रम हुआ । कटनी में नगर निगम द्वारा वृद्धजनों का सम्मान कार्यक्रम आयोजन किया गया। सीहोर में सेकड़ाखेड़ी स्थित संकल्प वृद्धाश्रम में वृद्धजनों का सम्मान किया गया ।

बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व

उमरिया जिले के बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व में आज से पर्यटन सत्र की शुरुआत की गई है. पहले दिन ही देशी विदेशी सैलानियों में पार्क भ्रमण को लेकर उत्साह दिखा. पेश है हमारे संवाददाता की एक रिपोर्ट:

पंचायत विभाग समीक्षा

पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग ने प्रदेश की पंचायत एवं सामुदायिक भवन विहीन पंचायतों में पंचायत एवं सामुदायिक भवन बनाने कार्य में प्रगति लाने के निर्देश दिए। इसके अलावा, 25-30 वर्ष पुराने जर्जर पंचायत भवनों का सर्वे कर, उनकी उपयोगिता की जांच कर आवश्यक कार्रवाई के निर्देश भी दिए। पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग मंत्री प्रहलाद पटेल ने आज विभागीय कार्यों की प्रगति की जानकारी भी ली।उन्होंने शेष ग्रामों को ओडीएफ प्लस बनाने का कार्य भी शीघ्र पूर्ण किया जाए।

मद्य निषेध सप्ताह

महात्मा गांधी की जयंती के अवसर पर प्रदेश में कल से 8 अक्टूबर तक मद्य निषेध सप्ताह का आयोजन किया जा रहा है। इस सप्ताह का मुख्य उद्देश्य समाज में बढ़ती हुई मद्यपान और नशीली दवाओं के दुष्परिणामों के प्रति युवाओं, विद्यार्थियों और आमजन को जागरूक करना है। प्रदेश के सभी जिलों में इस अवसर पर शपथ ग्रहण कार्यक्रम और नशामुक्ति रैलियों का आयोजन होगा ।

हाई स्कूलों, हायर सेकेंडरी स्कूलों, और महाविद्यालयों में 3 अक्टूबर को निबंध लेखन और वाद-विवाद प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। जबकि 4 अक्टूबर को चित्रकला और रंगोली प्रतियोगिताओं, 5 अक्टूबर को नुक्कड़ नाटक, 6 अक्टूबर को छात्रों से अपनों के नाम पाती लिखवाना, 7 अक्टूबर को मानव श्रृंखला तथा 8 अक्टूबर को समापन समारोह आयोजित किये जाएगे ।

खिलाड़ी सम्मान

प्रदेश के ओलम्पिक और पैरालम्पिक खेल-2024 के पदक विजेता खिलाडियों को सरकार कल भोपाल में सम्मानित करेगी । खेल एवं युवा कल्याण मंत्री विश्वास

सारंग ने बताया कि राज्य के करीब 22 विक्रम पुरस्कार प्राप्त उत्कृष्ट खिलाड़ियों को शासकीय नौकरी के नियुक्ति-पत्र भी प्रदान किये जायेंगे।

बाइट: विश्वास सारंग

क्रिकेट

भारत ने बांग्लादेश को दो टेस्ट मैचों की श्रृंखला के दूसरे मैच में आज 7 विकेट से हरा दिया। इसी के साथ टीम ने सीरीज 2-0 से जीत ली । अपने मैदान पर भारत ने यह 18वीं टेस्ट श्रृंखला जीती है।

बारिश से प्रभावित मुकाबले के आखिरी दिन आज भारत को 95 रन का लक्ष्य मिला था, जिसे भारत ने 17.2 ओवर में हासिल कर लिया। प्लेयर ऑफ द मैच यशस्वी जायसवाल ने 51 रन बनाए।

श्रृंखला में 114 रन बनाने के साथ 11 विकेट लेने वाले रविचंद्रन अश्विन को प्लेयर ऑफ द सीरीज चुना गया । उन्हें टेस्ट में 11वीं बार यह सम्मान मिला है ।

समाचार संक्षेप में....

- जबलपुर में नगर निगम ने टैक्स में छूट के अंतिम दिन 5 करोड़ रुपए की राशि टैक्स के रूप में जमा की है। निगमायुक्त प्रीति यादव ने बताया कि संपत्ति कर के रूप में 4 करोड़ 10 लाख और जल शुल्क के 77 लाख समेत अन्य कर जमा किए हैं।
- सीहोर जिले में कल से लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग द्वारा 'जल हमारा-जीवन धारा' थीम पर "सुजल शक्ति अभियान'' चलाया जायेगा।
- शहडोल जिले में विकासखण्ड स्तर पर शिविर लगाकर सिकलसेल दिव्यांगों को चिन्हित करने और उनके यूडीआईडी कार्ड बनाने का काम चल रहा है। आज जयसिंहनगर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में शिविर लगाया गया है।
- खंडवा नगर निगम सभागार में आज महापौर श्रीमती अमृता अमर यादव की अध्यक्षता में बैठक का आयोजन किया गया। इस का उद्देश्य जल संकट की शिकायतों का निराकरण करना था।

- अशोकनगर में आज महिला बाल विकास विभाग ने महिलाओं की गोद भराई का आयोजन किया । साथ ही गर्भावस्था के दौरान रखने वाली सावधानियों से अवगत कराया गया।
- पितृमोक्ष अमावस्या पर कल ओंकारेश्वर में नर्मदा स्नान के लिए बड़ी संख्या में आज से ही श्रद्धालु पहुँचने लगे हैं।
- केंद्रीय महिला एवं बाल विकास राज्यमंत्री श्रीमती सावित्री ठाकुर ने आज धार के साई सेंटर का निरीक्षण कर खिलाडियों और कोच से चर्चा कर समस्याओं और सुविधाओं के बारे में जानकारी ली। और
- देवास में समस्त खेल संघ संस्थाओं के सहयोग से कल सुबह कुशाभाऊ ठाकरे स्टेडियम विकास नगर से "प्लॉग रन" का आयोजन किया जा रहा है।

------------------------